तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या :– 159/2022 बनवारीलाल बनाम सुरेश वगै0 प्रार्थना पत्र अ. धा. 111, 128 राज. भू राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31.12.24	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील पक्षकारान उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि राजस्व ग्राम भड़ौंदा खुर्द पटवार हल्का भड़ौंदा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 549 रकबा 0.62 है0 अवस्थित है जो आवेदक की खातेदारी भूमि है। इसी ग्राम की भूमि हाल खसरा नं. 548 जो आवेदक की भूमि के पूर्व में है के खातेदार अनावेदक संख्या 1 लगायत 2 हैं। भूमि खसरा नं. 549/1423 जो आवेदक की भूमि के उतर में है के खातेदार अनावेदक संख्या 3 है। आवेदक ने अपनी भूमि खसरा नं. 549 का संलग्न सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 25.05.2022 को पटवारी हल्का से सीमाज्ञान करवाया है जिससे प्रार्थी पूर्णतया संतुष्ट है। उक्त भूमि की सीमा चिन्ह के अनुसार प्रार्थी पत्थरगडी करवाना चाहता है। सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार पत्थरगड़ी करवाने में प्रार्थी को कोई आपति नहीं है। जबाब में अधिवक्ता अप्रार्थी ने कथन किया कि दिनांक 25.05.2022 को हल्का पटवारी ने भूमि खसरा नं. 548 के खातेदार को बिना नोटिस दिये ही गलत रूप से सीमाज्ञान करवाया है। हमने भी अपनी भूमि खसरा नं. 547, 548 का दिनांक 22.11.2022 को करवाया है। अतः पत्थरगडी करते समय हमारी सीमाज्ञान रिपोर्ट का भी अवलोकन किया जाये। बहस पत्रावली पर सुना जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। संलग्न राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी के अनुसार ग्राम भड़ौंदा खुर्द पटवार हल्का भड़ौंदा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 549 रकबा 0.62 है0 अवस्थित है जो मुताबिक जमाबंदी प्रार्थी की खातेदारी भूमि दर्ज रिकॉर्ड होना साबित है। प्रार्थी उक्त भूमि का सीमाज्ञान संलग्न रिपोर्ट दिनांक 25.05.2022 के अनुसार पत्थरगडी करवाना चाहता है परन्तु खसरा नं. 548 का भी दिनांक 22.11.2022 को सीमाज्ञान हो चुका है जिसकी रिपोर्ट भी शामिल पत्रावली है। चूंकि प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि पर सीमा चिन्ह कायम करवाने का अधिकारी है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। लिहाजा :– –: आदेश :– प्रार्थना पत्र प्रार्थिया स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार झुंझुनूं को आदेशित किया जाता है कि ग्राम भड़ौंदा खुर्द पटवार हल्का भड़ौंदा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 549 रकबा 0.62 है0 भूमि के चारों ओर मुताबिक सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 25.05.2022 के अनुसार व खसरा नं. 548 की सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 22.11.2022 को दृष्टिगत रखते हुए पक्षकारान की उपस्थिति में कब्जा काश्त का कोई विवाद नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार पत्थरगड़ी करवायें। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 31.12.2024 को खुले इजलास सुनाया गया। हवाई सिंह 31/12/24 (हवाई सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं	